राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

## स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

## राष्ट्र और राज्य की उन्नति के लिए सब मिलकर प्रयास करें— राज्यपाल श्री बागडे

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने स्वाधीनता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने अपने संदेश में कहा है कि सभी भाईचारा और सदभावना बनाये रखते हुए राष्ट्र और राज्य की उन्नति के लिए मिलकर प्रयास करें। उन्होंने 'विकसित भारत' के लिए सभी से पूर्ण भागीदारी निभाने का आव्हान किया है।

श्री बागडे ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्वाधीनता के इस पावन पर्व पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत राष्ट्र की एकता और स्वाभिमान का प्रतीक तिरंगा झण्डा अपने घर पर जरूर फहराएं।

-----

## लोकभवन में प्रातः 9. 05 बजे होगा झंडारोहण

## राज्यपाल श्री बागडे करेंगे झंडारोहण

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे शनिवार, 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस पर लोकभवन में प्रातः 9. 05 बजे पर झंडारोहण करेंगे।

राज्यपाल श्री बागडे लोकभवन में स्वाधीनता दिवस समारोह में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही पुस्तके एवं मिठाई का वितरण भी करेंगे। बाद में वह 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी करेंगे।

----